# सुभाष मुंडा हत्याकांड की जांच सीबीआइ को दे सरकार : रघुवर

## राज्य में खनन माफिया गिरोह और गैंगस्टर के संगठित अपराध गिरोह की एक समानांतर सरकार

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास ने कहा कि राज्य में जब से महागठबंधन की सरकार बनी है, तब से आदिवासियों पर अत्याचार बढ़ा है। उभरते युवा आदिवासी नेता सुभाष मुंडा की हत्या किसी दल के नेता की नहीं, बल्कि आदिवासी समाज की हत्या है। आदिवासी समाज की सुरक्षा पर प्रश्नचिन्ह खड़ा करता है। अपराधियों पर लगाम लगाना हेमंत सरकार के बस की बात नहीं है। इस राज्य में खनन माफिया गिरोह और गैंगस्टर के संगठित अपराध गिरोह की एक समानांतर सरकार चला रही है, इस कारण भय का माहौल है। युवा नेता सुभाष मुंडा जी की हत्या हुए तीन दिन हो गये हैं, लेकिन अब तक मामले का उद्भेदन नहीं हो पाया है। सरकार सुभाष मुंडा की हत्या की जांच सीबीआई को दे। यह बातें उन्होंने शनिवार को युवा आदिवासी नेता स्व सुभाष मुंडा के परिजनों से मुलाकात के बाद मीडिया से कही। मालूम हो कि सुभाष मुंडा की हत्या पिछले दिनों दलादली में कर दी गयी थी। उन्होंने कहा कि राजधानी रांची में मुख्यमंत्री से लेकर चीफ सेक्रेटरी और डीजीपी जैसे तमाम बड़े अधिकारी बैठे हैं, वहां अपराधियों ने दिनदहाड़े आदिवासी समाज के चमकते हुए दीपक को बुझा दिया। अपराधियों व गैंगस्टरों का मनोबल इतना बढ़ा हुआ है कि वे विदेश में बैठकर वीडियो बनाकर वसूली कर रहे हैं और सरकार चुपचाप तमाशा देख रही है। झारखंड जैसे शांत राज्य में ऐसी स्थिति कभी पैदा नहीं हुई। राज्य सरकार से मांग करता हूं कि इस हत्याकांड की जांच सीबीआई से कराये। श्री दास ने कहा कि मुख्यमंत्री जी स्वयं को आदिवासी का मसीहा होने का दावा करते हैं तो कम से कम आदिवासी समाज के हित की रक्षा करें, यही आदिवासी समाज की आपसे अपेक्षा है। मुलाकात के दौरान सुभाष मुंडा के माता पिता ने बताया कि अभी तक सरकार की तरफ से कोई जन प्रतिनिधि यहां नहीं आया है, यह और भी दुखद है। क्या वर्तमान सरकार में इतनी संवेदना भी नहीं बची है कि शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दे। राज्य की इस निकम्मी सरकार को इस बार जनता सबक सिखायेगी। इससे पहले श्री दास ने सुभाष मुंडा जी के आवास पर पहुंचकर उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किये। उनके माता-पिता से मिलकर उन्हें सांत्वना दी। साथ ही कहा कि भविष्य में किसी भी तरह के सहयोग की आवश्यकता होगी, तो वे हमेशा उपलब्ध रहेंगे। इस दौरान पूर्व मंत्री श्री नीलकंठ सिंह मुंडा, क्षेत्र के विधायक नवीन जायसवाल, पांकी विधायक शशिभूषण मेहता समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# जब राजधानी में सुरक्षित नहीं है आदिवासी तो ग्रामीण क्षेत्रों का क्या होगा : संजय सेठ

## सीएम को कहा आदिवासी हितों की सिर्फ बातें मत करिए, इनकी सुरक्षा की गारंटी दीजिए

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** कहने को झारखंड में आदिवासियों के हितों की सरकार है, परंतु धरातल पर सबसे अधिक असुरक्षित इस राज्य में आदिवासी बहन-बेटियां और आदिवासी नेता ही हैं। विगत एक सप्ताह की गतिविधियों को देखें तो ऐसा लगता है, जैसे इस राज्य के आदिवासियों को जानबूझकर टारगेट किया जा रहा है। विशेष रुप से झारखंड की राजधानी रांची की स्थिति बहुत ही भयावह है। जब राजधानी की स्थिति इतनी भयावह है तो हम सहज कल्पना कर सकते हैं कि पूरे राज्य की स्थिति क्या होगी। उक्त बातें रांची के सांसद संजय सेठ ने गुरुवार को कही। सांसद श्री सेठ शनिवार को युवा आदिवासी नेता सुभाष मुंडा के आवास पर श्रद्धांजलि अर्पित करने गए थे। सांसद ने कहा कि यह सरकार आदिवासी हितों की रक्षा करने में पूरी तरह से विफल रही है। सांसद ने बताया कि खलारी में एक आदिवासी महिला उर्मिला तिर्की के साथ अवैध संबंध बनाकर उसे ब्लैकमेल किया गया। इस ब्लैक मेलिंग से महिला बहुत परेशान रही। अब उक्त महिला की संदेहास्पद मौत हो गई, जो कई प्रकार के सवाल खड़े करती है। सुभाष मुंडा जैसे युवा नेता को सरेशाम उनके दफ्तर में आकर गोली मारकर हत्या कर दी जाती है। आजसू के एक आदिवासी नेता पर जानलेवा हमला होता है। जब राजधानी का आदिवासी सुरक्षित नहीं है तो सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले आदिवासियों की क्या स्थिति होगी। राज्य सरकार से मेरी मांग है कि इन तीनों ही मामले में एसआईटी का गठन किया जाए। फास्ट ट्रैक कोर्ट में मामले चलाए जाएं और दोषियों को अविलंब फांसी की सजा दी जाए।

# राजनीतिक साजिश के तहत की गयी सुभाष मुंडा की हत्या : प्रकाश विप्लव

## 3 अगस्त को दलादली में श्रद्धांजलि सभा का होगा आयोजन, बृंदा कारात होंगी शामिल

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीपीआई (एम) की झारखंड राज्य कमिटी के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने कहा कि सुभाष मुंडा की हत्या राजनीतिक साजिश के तहत की गयी है। इस हत्याकांड के खिलाफ सीपीएम सहित अन्य वामदलों, सामाजिक संगठनों, जनसंगठनों व सिविल सोसायटी द्वारा राज्यव्यापी विरोध जारी है। इसी कड़ी में आगामी 3 अगस्त को दलादली चौक पर विशाल श्रद्धांजलि सभा होगी। जिसे वामदलों के राज्य नेतृत्व के अलावा सीपीएम की पोलिट ब्यूरो सदस्य बृंदा कारात भी संबोधित करेंगी। प्रकाश विप्लव शनिवार को पार्टी कार्यालय में मीडिया से बात कर रहे थे।



**राजनीतिक साजिश छिपाने के लिए प्रचारित किया जा रहा जमीन कारोबारी : डॉ रामचंद्र डोम :** पोलित ब्यूरो सदस्य व पूर्व सांसद डॉ. रामचंद्र डोम ने इस निर्मम हत्याकांड की हर पहलू से जांच कराने की मांग एवं दोषियों को एक समय सीमा के अंदर सजा दिलाए जाने की मांग की है। उन्होंने कहा सुभाष मुंडा केवल जमीन कारोबारी रहते तो उनकी हत्या पर इतना जनाक्रोश नहीं होता। सुभाष मुंडा आदिवासियों की हड़पी हुई जमीन को वापस दिलाने, जमीन माफिया द्वारा अवैध तरीके से जमीन की लूट के खिलाफ हमेशा मुखर रहते थे। रामचंद्र डोम ने कहा कि सुभाष मुंडा दलादली इलाके में कम्युनिस्ट आंदोलन की तीसरी पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करते थे। अपने दादा से प्रेरणा लेकर वे आदिवासियों और दूसरे गरीबों के शोषण के खिलाफ हमेशा संघर्ष करते रहते थे।

# सुपारी किलरों ने मारी थी माकपा नेता को गोली

## हजारीबाग, लोहरदगा, गुमला, लातेहार, खूंटी व लापुंग के इलाके में छापेमारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** दो दिन पूर्व माकपा नेता सुभाष मुंडा की हत्या सुपारी किलरों ने की है। जांच में इसका खुलासा हुआ है। सुपारी किलरों को पकड़ने के लिए गठित टीम हजारीबाग, लोहरदगा, गुमला, लातेहार, खूंटी के कर्रा, लापुंग इलाके में छापेमारी अभियान चला रही है। पुलिस दलादिली के 97 डिसमिल जमीन को लेकर भी जांच शुरू हो गई है। गौरतलब हो कि रांची पुलिस ने नेता सह जमीन कारोबारी सुभाष मुंडा हत्याकांड में शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्र से 50 जमीन कारोबारियों को उठाया था। नगड़ी, कांके और मांडर थाना में रखकर इनसे पूछताछ की गई। इनमें ज्यादातर जमीन कारोबारी ऐसे हैं, जिनके विरुद्ध पहले से ही मामले दर्ज हैं, जिनकी छानबीन चल रही है। पुलिस ने हाल के दिनों में हाईकोर्ट के आदेश पर ऐसे जमीन कारोबारियों की सूची तैयार की थी, जो आए दिन विवाद में रहा करते हैं। पुलिस ने सूची के आधार पर जमीन कारोबारियों को उठाया है। इनके अलावा पुलिस ने कुछ ऐसे दागी किस्म के युवकों को भी उठाया है, जो हाल के दिनों में जेल से बाहर निकले हैं। पुलिस दावा कर रही है कि जल्द ही इस कांड का पदार्फाश हो जाएगा। डीआइजी और एसएसपी स्वयं इस पूरे मामले की निगरानी कर रहे हैं।

पुलिस के अनुसार ग्रामीणों की मदद के लिए सुभाष मुंडा अक्सर सामने आ जाया करता था। दलादली में एक रास्ता के लिए उसने लंबी लड़ाई लड़ी थी। इस वजह से वह ग्रामीणों का चहेता बन गया था। सुभाष हत्याकांड की जांच कर रही पुलिस ने इस क्रम में दलादली के समीप के कई सीसीटीवी फुटेज खंगाला है।

### सीसीटीवी फुटेज में शूटरों का चेहरा स्पष्ट नहीं

फुटेज में शूटरों को देखा जा रहा है, लेकिन उनका चेहरा स्पष्ट नहीं है। शूटरों की बाइक का नंबर भी पता नहीं चल पा रहा है। पुलिस घटना स्थल का काल डंप निकाल रही है, जिससे यह स्पष्ट हो सके कि घटना के वक्त कौन-कौन से मोबाइल धारक घटनास्थल पर थे। इसके बाद पुलिस सभी का सत्यापन करेगी।

## मंहगाई बढ़ गयी क्योंकि अधर्म बढ़ गया : पं रामदेव

**रांची।** जब अधर्म बढ़ेगा तो महंगाई बढ़ेगी। मानवीय उत्पात, प्राकृतिक आपदाओं का आगमन होगा। जिस साल मीरा जी को देवर राणा जी ने जहर दिया था उस साल मेवाड़ में अकाल पड़ गया था। यह बातें श्री मद्देवीभागवत कथा के चौथे दिन पं रामदेव पाण्डेय ने राम-जानकी मन्दिर बरियातू में कही। उन्होंने कहा कि ब्रशचर्य, सत्य, तप, दान, संयम,शौच, अहिंसा, शांति, धैर्य, क्षमा, चोरी न करना, पवित्रता, इंद्रियों पर नियंत्रण, बुद्धि, ज्ञान, क्रोध न करना, इनसे युक्त होने पर ही धर्म की वृद्धि होती है। आमजन सुखी समृद्ध और सम्पन्न रहते हैं। जब धर्म पर चोट होगा तो यही ग्लोबल वार्मिंग का रूप लेगा ऐसी स्थिति में धरती भी ब्रम्हा और विष्णु के पास जाकर गुहार लगाती है। अपने और संसार की रक्षा के लिए, सामाजिक और राजनीतिक पाप के कारण अधर्म बढ़ता है। उन्होंने कहा कि मंहगाई का कारक हर आम इंसान है, जो खेती बाड़ी छोड़ दिया। राजा और जनता दोनों बढ़ती महंगाई के बराबर लिए जिम्मेदार है।

## झारखंड राज खुदरा व्यवसाई संघ की बैठक संपन्न

**रांची।** झारखंड राज्य खुदरा व्यवसाई संघ की कार्यसमिति की एक बैठक शनिवार को चुटिया स्थित संघ कार्यालय में हुई। इसमें व्यापार से संबंधित कठिनाइयों पर विचार विमर्श किया गया। संघ के महामंत्री योगेंद्र प्रसाद पोद्दार और मंत्री संजय पोद्दार ने बताया कि जल्द ही संघ का एक प्रतिनिधिमंडल नगर आयुक्त से मिलकर ट्रेड लाइसेंस में हो रही कठिनाइयों के समाधान को लेकर बात करेगी। संघ ने नगर आयुक्त से मांग करते हुए कहा कि ट्रेड लाइसेंस देने की प्रक्रिया को सरल तरीके से अपनाया जाये, क्योंकि अधिकांश दुकान किराए पर रहते हैं। मकान मालिक द्वारा होल्डिंग नंबर नहीं देने के कारण उन दुकानदारों को नगर निगम लाइसेंस देने में आनाकानी करती है। जिन दुकानदारों ने समय पर शुल्क जमा कर दिया है। उसका भी समय पर लाइसेंस नहीं दिया जाता है, जिसके कारण जांच पदाधिकारी उनका भय दोहन करते हैं। ट्रेड लाइसेंस की प्रक्रिया को सरल बनाया जाये, ताकि खुदरा दुकानदार अपना ट्रेड लाइसेंस ले सके और निगम को भी राजस्व में वृद्धि होगी। बैठक में संघ के दीपक अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, नवल किशोर प्रसाद, श्याम अग्रवाल, संजय अग्रवाल, कृष्ण कुमार गोयल, संजय पोद्दार, सहित संघ के कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सुभाष मुंडा हत्याकांड के विरोध में पैदल मार्च

**रांची।** माकपा नेता सह समाजसेवी सुभाष मुंडा के हत्यारों की गिरफ्तारी नहीं होने पर शनिवार को दलादिली चौक पर पैदल मार्च निकाला गया। मार्च का नेतृत्व कर रहे पूर्व प्रमुख और स्व. सुभाष मुंडा के भाई सुरेश मुंडा ने कहा कि हत्या के 72 घंटे बाद भी हत्यारे पुलिस की पकड़ से बाहर हैं। जबकि गिरफ्तारी के लिए 12 घंटे का अल्टीमेटम दिया गया था। सुरेश मुंडा ने कहा कि यदि प्रशासन कार्रवाई नहीं करता है तो जनमानस सड़क पर उतरने को मजबूर होगा। पैदल यात्रा के दौरान ग्रामीणों ने चौक की दुकान बंद कराते हुए शनिवार बाजार नहीं लगने दिया। अमित गोप ने कहा कि अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं होने से पैदल मार्च किया गया। पैदल मार्च में दर्जनों ग्रामीण शामिल थे।

# मदन मोहन बरियार ने जेआरजी बैंक के अध्यक्ष पद का कार्यभार संभाला

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के निवर्तमान अध्यक्ष पीयूष भप्त को बैंक के प्रधान कार्यालय परिसर में आयोजित समारोह में भावभीनी विदाई दी गई। पीयूष भप्त ने जुलाई 2021 से जून 2023 तक अध्यक्ष के रुप में कार्य किया। विदाई समारोह में बैंक के स्टॉफ सदस्यों ने श्री भप्त के 2 सालों के कार्यकाल के दौरान उनके विभिन्न उपलब्धियों को याद किया। उनके कार्यकाल में जेआरजी बैंक ने सभी क्षेत्रों में बेहतरीन कार्य किया और बैंक ने नयी ऊंचाइयों को छुआ। इसके उपरांत झारखंड राज्य के ही



मूल निवासी मदन मोहन बरियार ने जेआरजी बैंक के अध्यक्ष पद का कार्यभार निवर्तमान अध्यक्ष पीयूष भप्त से ग्रहण किया। ज्ञात हो कि श्री बरियार भारतीय स्टेट बैंक में परिवीक्षाधीन अधिकारी के तौर पर नियुक्त हुये थे। भारतीय स्टेट बैंक में अपने 23 वर्षों के कार्यकाल के दौरान उन्होंने कई राज्यों में महत्वपूर्ण पदों को सुशोभित किया। झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक में योगदान देने के पूर्व वे भारतीय स्टेट बैंक के संभलपुर मॉड्यूल में उप महाप्रबंधक ( व्यवसाय व परिचालन ) के महत्वपूर्ण पद पर आसीन थे। जेआरजी बैंक में अध्यक्ष के पद पर पदभार ग्रहण करने के उपरांत बैंक के अधिकारियों और कर्मचारियों को संबोधित करते हुये उन्होंने आह्वान किया कि झारखंड प्रदेश की जनता को समर्पित यह बैंक प्रदेश के प्रत्येक निवासी की पहली पसंद का बैंक बने। इसके लिये हमें सतत प्रयास कर राज्य के प्रति अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहण करना है।

# इंतजार की घड़ियां खत्म, मॉल ऑफ रांची ने जनता के लिए खोले अपने दरवाजे

खबर मन्त्र संवाददाता | **ग्रैंड ओपनिंग**

**रांची।** मॉल ऑफ राँची बेहद सूबसूरती से डिजाइन किया गया है। आधुनिक सुविधा और संसाधनों से लैस यह मॉल रातू रोड में स्थित है। राजधानी वासियों को काफी लंबे समय से इस मॉल के खुलने का इंतजार था आखिरकार शनिवार को इंतजार खत्म हो गया क्योंकि मॉल ऑफ राँची ने अपने दरवाजे जनता के लिए खोल दिए हैं। ये कोई साधारण मॉल नहीं है। ये काफी बड़ा एरिया में फैला हुआ है। इस मॉल में देश-विदेश के कई ब्रांडेड कपड़े और अन्य सामान आसानी से आपको मिलेगी। मॉल ऑफ राँची को लोगों की हर जरूरत और पसंद को ध्यान में रखते हुए प्लान किया गया है। मॉल ऑफ रांची के प्रवक्ता नीतीश अग्रवाल ने बताया कि यहां ग्राहकों को खरीदारी का एक नया अनुभव मिलेगा जो आसानी, विविधता, और गुणवत्ता को एक साथ जोड़ता है। इसके अलावा, रांची के मॉल ने अपने स्थान का 60% भाग मनोरंजन और आराम के लिए खास तरीके से बनाया है। यहाँ नवीनतम मल्टीप्लेक्स सिनेमा भी है, जहां सारी नयी फिल्में बड़े स्क्रीन पर दिखाई जाएंगी जो लोग अधिक उत्साहित अनुभव चाहते हैं, उनके लिए एक इंडोर मनोरंजन केंद्र भी है, जिसमें सभी उम्र के लोगों के लिए रोमांचक राइड है।



## नेट और जेआरएफ में सुनीता सफल

**रांची।** बोकारो की रहने वाली सुनीता कुमारी ने रांची विश्वविद्यालय के डिपार्टमेंट ऑफ परफॉर्मिंग एंड फाइन आर्ट्स संगीत संकाय की 218 अंकों के साथ अत्यधिक प्रतिष्ठित राष्ट्रीय परीक्षा नेट और जेआरएफ उत्तीर्ण कर एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। अपनी पीजी की पढ़ाई करते हुऐ चौथे फोर्थ सेमेस्टर (सत्र- 2021-23) में ही इन्होंने इस जेआरएफ को हासिल करने वाली अपने विभाग की पहली छात्रा हैं, जो की बहुत ही सराहनीय और प्रेरणादायक कार्य है। सुनीता कुमारी ने अपने इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरु मनीष कुमार को देती है।

# जय जय खाटू के वासी जय जय बाबा श्याम

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** जय जय जय खाटू के वासी जय जय बाबा श्याम शरणागतम हम आए आपके दर्शन हमको दे दो श्याम.... के ताली कीर्तन से शनिवार को हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। अवसर था पुरुषोत्तम एकादशी पूजन अनुष्ठान का। पुरुषोत्तम माह की चांदनी एकादशी के अवसर पर हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में प्रातः से भक्तजन उमड़ पड़े थे। भक्तजन अपनी अरदास के साथ खाटू नरेश के दरबार में मत्था टेक रहे थे। श्री श्याम मित्र मंडल के पहले महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि गोधूलि बेला के पूर्व खाटू नरेश सहित मंदिर में विराजमान लड्डू गोपाल जी, शालिग्राम जी, रिद्धि-सिद्धि, शिव परिवार, हनुमान जी,



महाराज प्राचीनतम चित्रों व गुरुजनों का विशेष मनोहारी श्रृंगार किया गया। खाटू नरेश को नवीन बागा वस्त्र पहनाकर सुगंधित लाल गुलाब, रजनीगंधा, मुरगन, लाल-पीला गेंदा, तुलसीदल के फूलों की मोटी मोटी फूल मालाओं से सजाकर गुलाब इत्र के विशेष रूप से मसाज किया गया। मंडल के मंत्री श्यामसुंदर शर्मा के साथ मंदिर के आचार्यों ने सभी गर्भगरहओ की सजावट किया। सुरेश-मंजू डागा ने श्रृंगार सेवा,अन्नपूर्णा सरावगी ने रबड़ी प्रसाद, श्याम लाल अग्रवाल ने बागा (वस्त्र), एक भक्त ने गिरी गोला सेवा निवेदित की। पुरुषोत्तम एकादशी का मुख्य समारोह रात्रि 9:30 बजे प्रारंभ हुआ रातू रोड निवासी सुरेश डागा, मंजू डागा ने खाटू नरेश की अखंड पावन ज्योति प्रज्वलित करके केसरिया पेडा, पंचमेवा, फल, रबड़ी, विभिन्न मिष्ठान, मगही पान का प्रसाद अर्पित कर झारखंड राज्य की खुशहाली की प्रार्थना कर खाटू नरेश के दरबार में मत्था टेका। मंडल के उप मंत्री अनिल नारनोली ने पूजन अनुष्ठान संपन्न करवाया। मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी जी के सानिध्य में संकीर्तन व संगीतमय भजन का भव्य कार्यक्रम हुआ। सैकड़ों भक्तों की उपस्थिति में श्रवण ढांढनिया, श्याम सुंदर शर्मा, गौरव अग्रवाल मोनू,मनोहर केडिया, अशोक शर्मा, पंकज गाड़ोदिया, राजेश चौधरी, सलज अग्रवाल सोनू, निखिल नारनोली, किशन शर्मा, दिनेश अग्रवाल आदि ने भजनों का गायन कर के भक्तों को खूब झूमाया। इस अवसर पर मंडल के महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, संजय सराफ, रतन शर्मा, अरविंद सोमानी, श्याम सुंदर जोशी ने भक्तजनों को प्रसाद वितरित किया। आरती के साथ एकादशी समारोह का समापन हुआ। बाबा श्याम की अखंड ज्योति में आहुति देने के लिए भक्तों की कतार लगी रही।

# पुल निर्माण स्थल पर मारपीट करनेवाले पीएलएफआइ के दो नक्सली गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**खूंटी।** जिला के मुरहू थाना क्षेत्र में पुल निर्माण स्थल पर मारपीट और तोड़फोड़ करने वाले प्रतिबंधित संगठन पीएलएफआई से जुड़े दो नक्सलियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसके पास से भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक सामग्री पुलिस ने बरामद की है। पुलिस के मुताबिक, दोनों नक्सलियों की गिरफ्तारी शुक्रवार को जिले के सांडीगांव जंगल से की गई। खूंटी एसपी अमन कुमार ने कहा कि पीएलएफआई एरिया कमांडर टीरा बोदरा उर्फ राडूंग बोदरा अपने दस्ता सदस्यों के साथ किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए सांडीगांव के जंगल में इकट्ठा हुए थे। जिसकी सूचना पुलिस को मिली। गुप्त सूचना के आधार पर एक छापेमारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल का गठन



अपर पुलिस अधीक्षक (अभियान) रमेश कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित कुमार के नेतृत्व में किया गया।

**पुलिस ने खदेड़कर पकड़ा :** छापेमारी दल द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए सांडीगांव के जंगल में सर्च अभियान चलाया। इस दौरान वॉकी टॉकी से बातचीत करने की आवाज सुनाई दी। इसके बाद छापामारी दल ने देखा कि जंगल में कुछ लोग इकट्ठा हुए हैं, जो पुलिस को देखते ही भागने लग। उसके बाद छापेमारी दल ने दौड़ाकर दो अपराधियों को पकड़ लिया। पकड़े गए अपराधियों का नाम बीर सिंह पुर्ति और जार्ज सांडी पुर्ति है।

**लेवी नहीं देने पर पुल निर्माण स्थल पर किया था तोड़फोड़ :** गिरफ्तार दोनों अपराधियों से पुलिस ने जब पूछताछ की तो उसने बताया कि 25 जुलाई को सुरूंदा गांव में चल रहे पुल निर्माण कार्य के ठेकेदार को एरिया कमांडर टीरा बोदरा उर्फ राडूंग बोदरा के द्वारा फोन कर लेवी की मांग की गई थी। परंतु ठेकेदार ने लेवी देने से मना कर दिया। जिसके बाद निर्माण कार्य स्थल पर जाकर लेबर से मारपीट और जेसीबी, मोटरसाइकिल को तोड़फोड़ किया।

**मुरहू थाना क्षेत्र में उग्रवादियों ने दिया घटना को अंजाम :** बता दें कि खूंटी जिले के मुरहू थाना क्षेत्र में 25 जुलाई को पीएलएफआई के उग्रवादियों ने पुल का निर्माण कर रही कंपनी के कर्मचारियों के साथ मारपीट की थी। वहां मौजूद एक जेसीबी, एक बाइक और एक स्कूटी में जमकर तोड़-फोड़ भी की थी। इस दौरान सुरूंदा और मारंगटोली पथ पर निमार्णाधीन पुल के पास उग्रवादियों ने लेवी के लिए जमकर उत्पात मचाया था।

### जिंदा कारतूस सहित कई सामान बरामद

पुलिस ने जब दोनों अपराधियों की तलाशी ली तो उनके पास से जिंदा कारतूस, देसी रिवाल्वर, पीएलएफआई का पर्चा, चंदा रसीद, वॉकी टॉकी हैंडसेट, मोबाइल, सीम एवं दैनिक उपयोग में लाए जाने वाला सामान बरामद किया गया।

### टीम में ये अधिकारी रहे शामिल

छापेमारी दल में अपर पुलिस अधीक्षक (अभियान) रमेश कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित कुमार, मुरहू थाना प्रभारी चूड़ामणि टूडू, सायको थाना प्रभारी रितेश कुमार, मुरहू थाना के पुअनि दिगंबर पांडे, लक्ष्मण चौधरी, विक्की ठाकुर और सशस्त्र बल शामिल थे।

## डॉक्टर की कार से दो बाइक सवार की मौत

**खूंटी।** खूंटी जिले के तमाड़ मुख्य पथ पर जिकिलता के समीप तेज रफ्तार कार (जेएच 01 डीजी 6555) ने मोटरसाइकिल (जेएच 01 एजी 9326) को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे दो लोगों की मौत हो गयी। मृतकों में बिरडीह तमाड निवासी संदीप गंझू (23 वर्ष) एवं झालदा पुरुलिया निवासी तारोपद सिंह गंझू (59 वर्ष) शामिल हैं। जानकारी के अनुसार अड़की के कल्याण अस्पताल दीपक फाऊंडेशन में कार्यरत डेंटल डॉक्टर शौभिक मुखर्जी एवं जनरल फिजिशियन डॉ शुभाशीष चटर्जी रांची से ड्यूटी के लिए अड़की जा रहे थे। इसी बीच जिकिलता के समीप तमाड़ की ओर से आ रहे एक मोटरसाइकिल को कार ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बिरडीह तमाड़ निवासी संदीप गंझू की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि गंभीर रूप से घायल तारोपद सिंह गंझू को बेहोशी की हालत में सोयको थाने की पुलिस ने उपचार के लिए सदर अस्पताल भेजा। जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायल को बेहतर उपचार के लिए रिम्स भेजा गया। रिम्स जाने के दौरान घायल व्यक्ति की मौत हो गयी। जिसके बाद खूंटी में दोनों शवों का पोस्टमार्टम करवाकर शवों को परिजनों को सौंप दिया गया। मोटरसाइकिल सवार दोनों व्यक्ति मोटरसाइकिल से तमाड़ से तोरपा रिश्तेदार के घर जा रहे थे। तभी जिकिलता में तेज रफ्तार कार ने जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद कार सवार चिकित्सक घटनास्थल में घायलों को छोड़कर भागकर अड़की थाना पहुंचे एवं घटना की जानकारी दी।

स्पीड न्यूज

## इटकी : गड्ढे में गिरी कार, दो घायल

**इटकी।** इटकी ब्राम्बे मार्ग पर पुराना थाना के समीप इक्को कार अनियंत्रित होकर गड्ढे में गिर गया। जिससे कार में सवार आशीष मिंज व ऑरेंज मिंज जख्मी हो गए। मौके पर इटकी पुलिस ने कार को ग्रामीणों के मदद से बाहर निकाल कर थाना ले आयी। थाना प्रभारी के मुताबिक चालक शराब के नशे में कार चलाते रानीखटंगा की ओर जा रहा था। इसी दौरान असंतुलित होकर कार गड्ढे में गिर गयी।

## सोनाहातू पूर्वी आजसू कमेटी की बैठक

**सोनाहातू।** आजसू पार्टी की एक आवश्यक बैठक शनिवार को हेसाडीह गांव स्थित राधारानी मंदिर परिसर में संपन्न हुई। जिसमें संगठन की मजबूती के विषयों पर चर्चा की हुई। इसके साथ-साथ किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि नहीं मिलने के विषय पर भी विचार-विमर्श किया गया और नाराजगी जताई गई। बैठक में मुख्य रूप से बसंत महतो, संतोष गुप्ता, प्रभात बर्मा, बिदुभूषण सिंह मुंडा, बसंत पातर, विशेशवर महतो, सुकुमार मुंडा, गौरी नाथ मुंडा, राजाराम मुंडा, हरी मुंडा, कृष्ण कुमार मुंडा, रविन्द्र मुंडा, मैनाथ मुंडा, बुधुवा अहीर समेत सभी कार्यकर्ताओं को प्रखंड अध्यक्ष रमेश मुंडा ने संगठन के प्रति जागरूक रहने को कहा।

## बेड़ो में एकल अभियान संच की मासिक बैठक

**बेड़ो।** एकल अभियान बेड़ो संच की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन शनिवार को किया गया। बैठक में गांव के सर्वांगीण विकास पर व्यापक चर्चा की गई। वहीं बैठक में बेड़ो संच एकल अभियान के अध्यक्ष डॉ रमेश प्रसाद गुप्ता के बड़े भाई दिघिया निवासी स्व मनीष गुप्ता की पुण्य तिथि भी मनाई गई। लोगों ने मिनट मौन धारण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया। वहीं एकल अभियान से जुड़े सभी आचार्यों को पेन एवं कापी देकर सम्मानित किया गया। साथ ही फल एवं मिठाई का वितरण किया गया। वहीं मौके पर बेड़ो एकल अभियान प्रमुख सुकरा महतोएसंच प्रमुख वर्तमान सिंह संस्कार प्रमुख मुकेश कुमार रायएआचार्य मुनी लकड़ाए लक्ष्मण महली गीता देवी विष्णु साहू भोला महतो व आरती कुमारी आदि मौजूद थे।

## तमाड़ विधानसभा युवा कांग्रेस कमेटी का विस्तार

**तमाड़।** युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज के निर्देश पर तमाड़ विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष नीतीश पांडे ने तमाड़ विधानसभा कमिटी का विस्तार किया है। कमेटी में दो उपाध्यक्ष, चार महासचिव, आठ सचिव और एक मीडिया प्रभारी बनाया गया। नीतीश पांडे ने कहा कि बहुत जल्द तमाड़, बुंडू, अड़की प्रखंड अध्यक्षों सहित कमिटी की घोषणा होगी। कमेटी में उपाध्यक्ष त्रिलोचन सिंह मुण्डा, कुदरत हुसैन, महासचिव उमेश चन्द्र महतो, राजीव कुमार मुण्डा, राजकुमार सत्कार्मकार, शंकर महतो, सचिव प्रदीप सेठ, सोहन मुण्डा, राजीव कुमार पुरान, राजेश सिंह मुण्डा, जगदीश महतो, तौसिफ अहमद, जितेंद्र मुण्डा, मीडिया प्रभारी दीपचंद मधेशिया व मधुसूदन प्रमाणिक मनोनित किए गए हैं।

## राहे प्रखंड में मना चारू मजुमदार का शहादत दिवस

**राहे।** भाकपा-माले के संस्थापक महासचिव कॉ चारू मजूमदार का 51वां शहादत दिवस राहे प्रखंड के गोमदा, मांझीडीह, बेहराबेड़ा ओर इड़िसेरेंग ब्रांच में मनाया गया। झंडोत्तोलन के साथ फिर शहीद साथी के तस्वीर पर मर्ल्यापण और दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई। केन्द्रिय कमिटी के आह्वान पत्र का पाठ किया गया। वक्ताओं ने कहा कि 70 के दशक में कॉव चारू मजूमदार ने नक्सलवाड़ी के किसान का नेतृत्व किया। आजादी के बाद सामंती-जमींदारों के खिलाफ संघर्ष किया। इसमें दामोदर प्रजापति, दिलीप मांझी, डोमन मुंडा छोटेलाल महतो, सूरज मुंडा, राजकिशोर लोहरा, योगेश्वर मुंडा, वाणेश्वर मांझी, राजू मुंडा आदि मौजूद थे।

# अकीदत के साथ मना मुहर्रम, निकला जुलूस

### हजरत इमाम हुसैन श्रद्धा के साथ किये गये याद

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** प्रखंड में अकीदत और सादगी के साथ मुहर्रम का त्योहार मनाया गया। हजरत इमाम हुसैन बड़े ही श्रद्धा से याद किये गये। ईदगाह टंगरा व राजमहल के मुहर्रमी मेले में भारी भीड़ उमड़ी। राजकुमारी माधुरी मंजरी ने अखाडेधारियों का स्वागत किया। युवाओं ने अस्त्र-शस्त्र चालन के नये-नये करतब दिखाये। फुटकलटोली, सिमलिया, अगड़ू, भोंडा, बिजुलिया, कोटा, चापाटोली, तिगरा, बाजपुर, हिंसरी, पाली, आमटांड़, चट्टी, मुरगू, बड़काटोली, चितरकोटा, पुरियो, पिर्रा व अलकमर कॉलोनी के इमामबाड़े में फातिहा पढ़ी गयी।



रातू में निकले मुहर्रम के जुलूस में शामिल अखाड़ेधारी।

इमाम हुसैन के शहादत की याद में रोजे रखे गये। कुरआनखानी भी की गयी। हुरहुरी नयांटोली का जुलूस आकर्षण का केंद्र रहा। काठीटांड़ चौक में महाजुटान हुआ। सेंट्रल मुहर्रम कमेटी ने खलीफाओं को पगड़ी भेंट की। यहां पेयजल और चने की व्यवस्था थी। कमेटी ने दिवंगत माकपा नेता सुभाष मुंडा को श्रद्धांजलि दी। वहीं अजय नाथ शाहदेव, भरत कांसी, निर्मला भगत, थानेदार सपन महथा, संगीता देवी, रियाजुल अंसारी, राजीव रंजन मिश्र, सुमन मिश्र, अरविंद पांडेय, पृथ्वीनाथ शाहदेव सम्मानित किये गये।

### सुरक्षा के थे कड़े प्रबंध

त्योहार को लेकर जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये थे। इसकी कमान थानेदार सपन महथा ने संभाली। चौक .चौराहे पर रैप के जवान मुस्तैद दिखे। दंडाधिकारियों की भी प्रतिनियुक्ति की गयी थी। शुक्रवार की शाम से ही पुलिस इलाके में गश्त लगाती रही। कहीं से किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है।

### जुलूस में लिया हिस्सा

झामुमो नेता और अंजुमन कमेटी के अध्यक्ष कमरुल हक, शमीम मंसुरी, बेलाल अंसारी, मो असलम, हाजी शरीफ, मियांजन अंसारी, अंजुम खान, अक्लिमा खातून, हकमुल अंसारी, तनवीर हसन, कलामुद्दीन अंसारी, रज्जब अली, सुषमा तिर्की, मो कलाम, सुहैल अंसारी, मो इरशाद, मो शहबान, अताउल्लाह अंसारी, मो मोजिबुल्लाह, कामेश्वर महतो, रामधीर तिवारी, इमरान खान, जाबिर अंसारी, सिंदबाज खान, डॉ जहनुमा, सरवर खान, महफुज आलम, फुलमनी देवी, आजम अंसारी, अतुल राज, कमल खलखो, गणेश महतो, मकसुदन तिग्गा, कुद्दुश अंसारी व मोबारक अंसारी आदि।

## बेड़ो के तुको से 101 कांवरियों का जत्था बाबाधाम रवाना



**बेड़ो।** प्रखंड के तुको गांव से 101 महिला व पुरुष कांवरियों का जत्था शनिवार को जलाभिषेक के लिए देवघर रवाना हुआ। कांवरियों के जत्था को गांव के समाजसेवियों सुशील साहू, बलराम सिंह व उमेश लाल ने भोलेनाथ व बोल बम की जयकारा लगाते हुए भोलेनाथ के भक्तों को रवाना किया। रवाना होने के पहले कांवरियों ने बाबा नंददेश्वर धाम व महादानी बाबा मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रस्थान किए। जत्थे का नेतृत्व कर रहे सतीश सिंह ने बताया कि पूरा जत्था एक साथ यहां से सीधे सुल्तानगंज पहुंचेगा। वहां से जल लेकर जत्था बाबा धाम पहुंच कर जलाभिषेक करेगा। जत्था में राम प्रसाद गुप्ता, सतीश सिंह, गौतम ताम्रकार, बीरन लाल, आदेश यादव, पंकज लाल, कुलदीप साहू, आकाश कुमार आदि शामिल थे।

## मकान में घुसा डंपर, ग्रामीणों ने की सड़क जाम

खबर मंत्र संवाददाता

**पिपरवार।** शुक्रवार रात्रि कल्याणपुर स्थित ललिता देवी के मकान में कोयला लदा हाइवा घुस गया। इस दुर्घटना में दुकानदार बाल-बाल बच गया। घटना के पश्चात आसपास के आक्रोशित ग्रामीणों ने रांची-टंडवा -चतरा मुख्य मार्ग को जाम कर दिया गया । जिसके कारण मगध आम्रपाली से होने वाली सीएचपी सीपीपीपी पिपरवार तक कोयले का परिचालन ठप रहा । आक्रोशित ग्रामीणों ने घटना के पश्चात से ही ट्रांसपोर्टिंग मार्गो पर बैरिकेडिंग के साथ साथ स्पीड ब्रेकर लगाने एवं क्षतिग्रस्त मकान मालिक को डेढ़ लाख की राशि मुआवजा दिए जाने की मांग करते हुए ट्रांसपोर्टिंग सड़क मार्ग



जाम कर वैकल्पिक मार्गो से ट्रांसपोर्टिंग किए जाने की मांग सीसीएल प्रबंधन पिपरवार से करने लगे। लगातार 24 घंटा रांची टंडवा चतरा मुख्य मार्ग जाम रहने के कारण इस सड़क मार्ग पर आवागमन बाधित रहा, जिससे सीसीएल को लाखों का नुकसान उठाना पड़ा ।इधर इस घटना की सूचना मिलते ही टंडवा प्रखंड प्रमुख रीना कुमारी ने घटना स्थल पहुंचकर ग्रामीणों के समर्थन में मुआवजा राशि दिए जाने सहित अन्य मांगों का समर्थन किया उन्होंने जय मां अंबे ट्रांसपोर्ट कंपनी के अधिकारियों सहित स्थानीय प्रशासन एवं प्रशासन के वरीय अधिकारियों द्वारा दबाव बनाकर जाम हटाने की बात कही। उन्होंने कहा कि गरीब का घर क्षतिग्रस्त हो गया है जो अपने व्यवसाय से अपने परिवार का भरण पोषण करते थे। वह अपने क्षतिग्रस्त मकान की मरम्मत करने में सक्षम नहीं है। इस जाम के दौरान टंडवा प्रखंड प्रमुख रीना कुमारी ने बताया कि जब तक क्षतिग्रस्त मकान मालिक का मुआवजा नहीं दिया जाएगा तब तक सड़क से जाम नहीं हटाई जाएगी।

## चान्हो : अखाड़ेधारियों ने किया हैरतअंगेज प्रदर्शन

### ललमटिया मेलाटांड़ में लगा चौरासी मौजा मुहर्रम मेला

खबर मन्त्र संवाददाता

**चान्हो।** थाना के सोनचिपि स्थित ललमटिया मेलाटांड़ में शनिवार को सेंट्रल मुहर्रम एक्सन कमेटी चौरासी मौजा की ओर से मुहर्रम मेला का आयोजन किया गया। इस वर्ष भी मेले में चौरासी मौजा के लोग उपस्थित हुए इनमे दर्जनों गांवों के लोग अपने अखाड़ा के साथ मेला पहुंचे। जिन्होने अपने अस्त्र शस्त्र प्रर्दशन कर दर्शकों को आश्चर्य चकित कर दिये मुख्य रुपए बैंझला और मलती का खेल आकर्षण का केंद्र रहा। 10 मुहर्रम इस्लामी तारीख की ऐसी दर्द भरी दास्तान है जिसमें यजीद जैसे जालिम बादशाह ने पूरी इंसानियत का कत्ल कर दिया। मैदान ए कर्बला की लड़ाई सत्य और असत्य की ऐसी लड़ाई है जिसमें 72 निहत्थे और निर्दोष लोगों का यजीद के हाथों शहादत नसीब हुई। यह लड़ाई यजीद ने खुद को खलीफा बनने के लिए एक हथकंडा अपनाया गया था।





### मुहर्रम कमेटी ने अतिथियों का किया स्वागत

इससे पूर्व मंचासिन अतिथि, आशुतोष तिवारी, बीडीओ सुलेमान मंडरी, थाना प्रभारी रंजय कुमार, राबुल अंसारी, सफीक अंसारी, अजीत सिंह, सीआई पूर्णिमा मिंज, मंगरू भगत, आलमगीर आलम, तिरपुरारी तिवारी को चौरासी मौजा ललमटिया मेला सोनचिपी एक्सन मुहर्रम कमेटी की ओर से बैज एवं पगड़ी पहना कर स्वागत किया गया। मेले का समापन करते हुए श्री तिवारी ने कहा आज ही के दिन नबी के नवासे हजरत हुसैन का अपने 72 साथियों के साथ सहादत हुई थी। उन्हीं की याद में दसवीं मोहर्रम को मोहर्रम का त्यौहार मनाया जाता है। साथ ही उन्होंने कहा इसी दिन दो रोजा रखने का भी हुक्म है जिससे साल भर के छोटे गुनाह माफ कर दिए जाते हैं। इस मेले में आए सभी अखाड़ा धारियों मजावरो एवं मेला के आयोजकों को मैं धन्यवाद देता हूं।

## महिला से दुष्कर्म कर बनाया अश्लील वीडियो, करता था ब्लैकमेल, महिला ने लगा ली फांसी, आरोपी गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची/खलारी।** दुष्कर्म से आहत एक आदिवासी महिला ने शनिवार की सुबह फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना की जानकारी मिलते ही लोग आक्रोशित हो गए। इसके बाद क्षेत्र में जमकर लाठी, डंडे, ईंट और पत्थर चले। आदिवासी महिला की आत्महत्या से क्षेत्र में तनाव का माहौल है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने प्रदर्शन कर रहे लोगों को खदेड़कर भगाया। वहीं आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। घटना की सूचना मिलते ही सांसद संजय सेठ घटनास्थल पर पहुंचे और लोगों से घटना की जानकारी ली। बताया जाता है कि खलारी के जी टाइप में रहने वाली 32 वर्षीय आदिवासी महिला से आरोपी ने दुष्कर्म कर वीडियो बना लिया। उसके बाद उसे ब्लैकमेल करने लगा। इससे आहत आदिवासी महिला ने दबाव में आकर शनिवार सुबह घर में फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। महिला के देवर ने खलारी थाना के पूर्व निजी ड्राइवर इरशाद पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। उसका कहना है कि आरोपी इरशाद ने ही भाभी के साथ दुष्कर्म किया फिर उसका अश्लील वीडियो बना लिया। इसके बाद उसे ब्लैकमेल कर रहा था। इसी दबाव में आकर भाभी ने आत्महत्या की है। हालांकि पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। मृतक महिला का पति मनीष तिर्की बीते एक साल से बेंगलुरु के जेल में बंद है। उसके तीन बच्चे हैं। देवर अमित तिर्की निजी ड्राइवर का काम करता है।

### हिंदू संगठन ने दुकानों को कराया बंद

घटना से आक्रोशित आदिवासी समाज के लोग और हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने डकरा-खलारी में घूमकर दुकानों को बंद कराया। इसी दौरान शहीद चौक खलारी के निकट सोनू मोटर नामक दुकान में झड़प हो गई। झड़प में दूसरे पक्ष के दुकानदार का सिर फट गया और खून निकलने लगा। मौके पर पहुंची खलारी थाना पुलिस ने दो युवकों को हिरासत में लिया और जीप में बैठा लिया। हिरासत में लिए गए युवकों में एक बजरंग दल का जिला संयोजक था। वह मौका देखकर गाड़ी से उतर कर फरार हो गया।

### दूसरे पक्ष के युवक हुए आक्रोशित

बताया जा रहा है कि बंद कराने के दौरान हुए झड़प में दूसरे पक्ष के दुकानदार का सिर फूटने से युवक आक्रोशित हो गए। पुलिस के वहां से हटते ही सड़क पर आने जाने वालों पर पथराव करने लगे। सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत पहुंची और सभी को खदेड़ दिया। दुकानदार पक्ष का आरोप है कि बंद कराने वाले युवक ने रड से सिर पर मारा है। वहीं बंद समर्थकों का कहना है कि शटर बंद करने में चोट लगा है। क्षेत्र में तनाव जैसी स्थिति है। क्षेत्र में तनाव जैसी स्थिति है। खलारी, मैक्लुस्कीगंज पुलिस वहां कैंप कर रही है।

## कुटे में अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता

**सिकिदिरी।** त्याग और बलिदान का पवित्र पर्व मुहर्रम शनिवार को सिकीदिरी क्षेत्र में परंपरागत तरीके से मनाया गया। सेंट्रल मुहर्रम कमेटी ओरमांझी पूर्वी क्षेत्र के तत्वावधान में कुटे फुटबाल मैदान में मेला सह ताजिया मिलन समारोह का आयोजन किया गया।मेले में 10 गांवों का मोहर्रम जुलूस अपने.अपने खलीफाओं व अंजुमन कमेटी के नेतृत्व में रंग.बिरंगी ताजिया और इस्लामी अलम के साथ पहुंचे थे। इस अवसर पर अस्त्र.शस्त्र चालन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।इसमें बुजुर्गोंएयुवकों और बच्चों ने तलवारएफरसाएलाठी और भाले का हैरत अंगेज खेल का प्रदर्शन किया। आयोजन कमेटी ने कुटे की ओर से बेहतर खेल का प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया।

एक नजर में

## आरटीसी कॉलेज के छात्रों और शिक्षकों ने चलाया सफाई अभियान




सफाई अभियान में शामिल शिक्षक व छात्रगण।

**ओरमांझी।** आरटीसी कॉलेज आनंदी के एनएसएस के छात्र-छात्राओं संग कॉलेज के शिक्षकों द्वारा शनिवार को सफाई अभियान चलाया गया। शिक्षक व छात्र-छात्राओं द्वारा कॉलेज व आसपास परिसर के कुड़ा व कचरा की सफाई की और कॉलेज को प्लास्टिक मुक्त बनाने का संकल्प लिया गया। कॉलेज के निदेशक डॉ पारसनाथ महतो ने बताया कि कॉलेज में मुहर्रम की छुट्टी है। ऐसे में कॉलेज के षिक्षक व छात्रों ने सफाई अभियान चलाकर छुट्टी का सदपयोग करने का निर्णय लिया गया। उन्होने बताया कि सफाई अभियान चलाने का उद्देश्य कॉलेज परिसर को स्वच्छ रखना और स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करना भी है। अभियान में कॉजेल के प्रचार्य डॉ भीम महतो, डॉ ब्रजभुषण नीरज, रामकुमार महतो, एकबाल अंसारी, कृष्ण कुमार महतो के साथ एनएसएस के छात्र व शिक्षक गण शामिल थे।

## कोंकाडीह गांव में हाथियों के झुंड ने सब्जी की फसल को रौंद डाला



हाथियों द्वारा नुकसान फसल को दिखाता किसान।

**सोनाहातू।** थाना क्षेत्र के कोंकाडीह गांव में जंगली हाथियों के झुंड ने शुक्रवार रात को गांव में प्रवेश कर जम कर उत्पात मचाया है। गांव के किसान महादेव महतो, भोजी महतो, कृतिवास महतो, हिरोशी महतो के लगभग 5 एकड़ में लगे लौकी के फसल को खाया और रौंद दिया है। 9 पैकेट खेत में लगी बीज लौकी की फसल को रौंद दिया है। किसानों ने वन विभाग को सूचना देकर हाथी भागने ओर मुआवजा देने की मांग किया है। सोनाहातू के पूर्वी क्षेत्र में इन दिनों हाथियों का उत्पात काफी हो रहा है, जिससे किसान काफी परेशान है।

## हेसालांग बाजार की गैरमजरुआ भूमि पर अवैध कब्जा, बैठक आज

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** हेसालोंग में लगाने वाला बाजार का गैरमजरूआ जमीन कई प्लॉट में तब्दील हो गया। हालांकि बाजार व मेला लगाने वाला जमीन को बचाने के लिए स्थानीय ग्रामीण व जनप्रतिनिधियों ने कई दौर की बैठक किया गया। परन्तु गांव के जनप्रतिनिधियों व प्रधानए मुखिया व ग्रामीण असफल रहे। इस संबंध में हेसालोंग निवासी अरविंद कुमार साहू ने बताया कि गांव के कुछ व्यक्तियों ने सप्ताहिक बाजार का सरकारी गैरमजरूआ जमीन पर अंचल के माध्यम से छेड़छाड़ कर अपने नाम करा लिया गया है। सरकारी जमीन को बचाने को लेकर समस्त गांव के ग्रमीण कई बार बैठक कर समझौता किया गया। लेकिन भूमि को हस्तक्षेप कर अपना नाम कर लेने के बाद जमीन छोड़ना नही चाह रहे है। अरविंद कुमार बताते है कि हेसालौग बजार में सरकारी शेड बना हुआ है एवं पहले सरकार द्वारा औक्शन कर बजार से रेभन्यू उगाही किया जाता था। जो सरकारी डाक होता था। सप्ताहिक बाजार व मेला का जमीन जिसमे एक एकड़ से ज्यादा भूमि और अवैध रूप से पेपर बनाकर कब्जा किया है।

## रातू : माकपा नेता के हत्यारों की जल्द हो गिरफ्तारी : लक्ष्मण सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता



**रातू।** झारखंड हाई कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ताए भाजपा नेता और समाजसेवी लक्ष्मण सिंह ने सीपीआई राज्य कमेटी सदस्य सुभाष मुंडा हत्याकांड पर दुख व्यक्त करते हुये घटना की कड़ी निंदा की है। श्री सिंह ने कहा कि सभी वर्ग और राजनीतिक दल के कार्य कत्ताओं को एकजुट होकर इसकी भर्त्सना करनी चाहिये। उन्होंने आशंका जतायी कि किसी के साथ भी ऐसी वारदात हो सकती है। घटना के बाद इलाके के लोग भयभीत हैं। उन्हें सुरक्षा की चिंता सता रही है। उन्होंने जिले के सीनियर एसपी से संदिग्ध अपराधियो की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई किये जाने की बात कही। श्री सिंह खबर मंत्र से खास बातचीत कर रहे थे। पार्टी नेता ने कहा कि रातू और नगड़ी इलाके में अराजक स्थिति है। बेखौफ अपराधकर्मी घर में घुस कर गोली चला रहे हैं और पुलिस मूकदर्शक बनी हुयी है। श्री सिंह ने मामले की उच्च स्तरीय जांच और अपराधियों को तत्काल गिरफ्तार किये जाने की मांग की है।

### पुलिस गुनाहगारों को पकड़े में विफल: मुकेश

**रातू।** पूर्व मुखिया और समाजसेवी मुकेश भगत ने सीपीआई नेता सुभाष मुंडा हत्या कांड में पुलिस की विफलता पर नाराजगी जतायी है। उन्होंने कहा कि 26 जुलाई की रात श्री मुंडा की दो हथियारबंद अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। ग्रामीणों ने दलादिली चौक को जाम कर दिया था। 48 घंटे में गुनाहगारों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया था। 70 घंटे बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होने से लोगों का गुस्सा उबाल पर है। श्री भगत ने कांड को लेकर गठित एसआईटी से अपराधियों को पकड़ने की मांग करते हुये चरणबद्ध आंदोलन की चेतावनी दी है।

## सांसद-विधायक ने किया विकास योजनाओं का शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** खलारी प्रखंड अंतर्गत क्षेत्र में अनेक विकास योजनाओं का शिलान्यास करने रांची लोकसभा सांसद संजय सेठ विधायक कांके विधानसभा के समरी लाल पहुँचे। सांसद विधायक के आगमन पर भव्य स्वागत भाजपा खलारी मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा व कार्यकताओं ने पुष्पगुक्ष और माला से स्वागत कर किया गया। योजनाओं का शिलान्यास कार्यक्रम डुंडू मध्यविधालय से शुरू किया गया और मध्य विद्यालय महावीर मंदिर खलारी में चहारदीवारी निर्माणए मोहन नगरमें पीसीसी पथएभूत नगरमे अंबेडकर विद्यालयएमध्य विद्यालय सुभाष



नगरएमध्य विद्यालय बुकबूकाएमध्य विद्यालय करकट्टाएमध्य विद्यालय नवाडीह एआदर्श उच्च विद्यालय लापराएपीएचसी लपराए मध्य विद्यालय कोणकाए मध्य विद्यालय मायापुरए मध्य विद्यालय बलथरवा में विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास किया गया। इस बीच होयार गांव में अधूरी पड़ी सड़क का संज्ञान लेते हुए अंचल अधिकारी खलारी से बात की और जल्द समाधान निकालने प्रयास करने का दिशा निर्देश दिया। पीएचसी महावीर नगर खलारी का औचक निरीक्षण किया और वहां की कमियों को दूर करने की आवश्यकता को प्राथमिकता के तौर पर ठीक करने की पहल की। महावीर नगर स्थित स्टोन माइंस सह तालाब का निरीक्षण किया और उसके सुंदरी करण की पहल किया। इस दौरान अनेक जगहों पर जनता से मिल कर उनकी समस्याओं से रूबरू हुए। डकरा सेंट्रल हॉस्पिटल में एक महिला की शव हॉस्पिटल में रखे जाने की सूचना प्राप्त होते ही वहां उनके परिजनों से मिल कर उनकी बातो को सुना और उन्हें न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम समाप्ति के उपरांत विधायक प्रतिनिधि श्याम सुंदर सिंह शैलेंद्र शर्मा मंडल अध्यक्ष खलारी गणेश यादव चतर्गुन भुइयां शशि प्रसाद साहू शिशु विद्या मंदिर डकरा के प्रधानाध्यापक गोपाल मिस्त्री विश्वकर्मा ने अटल टिंकरिंग प्रयोगशाला का उद्घाटन किया।

### कार्यक्रम में थे मौजूद

मौके पर फुलेश्वर महतो सांसद प्रतिनिधि श्याम सुन्दर सिंह विधायक प्रतिनिधि भरत रजक अरविंद सिंह गणेश यादव चत्रगुण भुइयां भरत प्रजापति मिथिलेश प्रजापति कृष्ण चौहान शशि प्रसाद साहू प्रीतम साहू रामसूरत यादव कार्तिक पांडेय श्याम लोहरा आनंद कुमार सिंह शत्रुंजय सिंह मनोज जायसवाल प्रदीप कुमार ठाकुर प्रदीप प्रमाणिक रविभूषण सिंह अभिषेक चौहान सुबोध रजक रमेश विश्वकर्मा विशेश्वर सोनी गणेश महतो सिन्नी सामाद सरस्वती देवी प्रदीप कुमार सिंह सरोजनी देवी रविन्द्र यादव असर्फी राम वीरेंद्र मुंडा शिव शंकर यादव तारकेश्वर यादव तथा अनेक लोग उपस्थित थे।

## कांके में सौहार्द से मनाया गया मोहर्रम



**कांके।** त्याग व बलिदान का पर्व मुहर्रम महिने की 10वीं तारीख यौमे आशूरा मनाया गया। महिने की दसवीं तारीख यानी यौमे आशूरा होता है। इस दिन को इस्लाम में बेहम अहम माना गया हैए क्योंकि इसी दिन हजरत इमाम हसन हुसैन की शहादत हुई थी। इस अवसर पर कांके में पतराटोली चुड़ीटोला मिल्लत कॉलोनी सेमर टोली बाजार टांड़ से सैकड़ों लोग मुहर्रम का जुलूस पारंपरिक लाठी डंडा तलवार लेकर कांके चौक होते हुए न्यू मार्केट स्थित मुहर्रम मैदान पहुंचे। जुलूस में हिन्दूए मुस्लिम सिख इसाई सर्वधर्म एकता का संदेश सहित कई आकर्षक झांकियां देखने को मिला। मौके पर मुख्य अतिथि उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा अतिविशिष्ट अतिथि एसएसपी किशोर कौशल बीडीओ शिलवंत भट्ट झामुमो रांची जिलाध्यक्ष मुश्ताक आलम कांग्रेस के प्रदेश महासचिव सुरेश कुमार बैठा सेक्रट्री इरफान अंसारी चुड़ीटोला सरपंच अख्तर हुसैन मोबिन अंसारी बशीर खान गुलजार आलम सहित सभी खलीफाओं को को सेंट्रल मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष समनुर मंसुरी व सचिव मोण फुरकान ने पगड़ी बांधकर व तलवार भेंट कर स्वागत किया।

## स्पीड न्यूज

### नटराज स्टूडियो में कैमरों की प्रदर्शनी

**लोहरदगा।** महात्मा गांधी रोड स्थित नटराज स्टूडियो में शनिवार को कैनन के नये लॉन्च किये गये कैमरों की प्रदर्शनी लगायी गयी। मौके पर कैनन के स्टेट के सेल्स मैनेजर दीपांकर चक्रवर्ती, टेक्निकल एक्सपर्ट राजकुमार दास और एरिया मैनेजर शेखर उपाध्याय ने फोटोग्राफरों को कैमरे की तकनीक से परिचित कराया। न्यू एज टेक्नीलोजी वाले कैनन के मिररलेस कमरे का प्रदर्शन किया गया। वहीं कैनन ने नया लांच किए कमरे कैनन आर 8 और आर 10 का प्रदर्शन किया जो कि फुल फ्रेम मिरर लेस कैमरा है। मौके पर विनोद सोनी, रमेश कुमार, पवन कुमार, सरोज प्रजापति, अजय वर्मा, प्रीतम कुमार, विजय कुमार, रवि खत्री, ज्ञान प्रकाश, बजरंग राम, कुलदीप यादव, संदीप महतो, राकेश कुमार, थॉमस आदि थे।

### घर में घुसकर महिला से दुष्कर्म, धराया

**कैरो।** थाना क्षेत्र के सढ़ाबे डुमरटोली में दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। जिसे लेकर डूमरटोली की पीड़िता के पति ने कैरो थाना में मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पीड़िता के पति ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार को हर दिन की तरह वह खेत में काम करने गया था और खेती बारी कर रहा था। इसी क्रम में गांव के एक आदमी ने फोन कर बताया कि तुम्हारी पत्नी के साथ गांव का ही सोमरा उरांव पिता रोजना उरांव दुष्कर्म कर रहा है। पीड़िता का पति ने कैरो थाना पुलिस को मामला दर्ज कराते कार्रवाई की मांग की है। कैरो थाना पुलिस ने कांड संख्या 33/23 धारा 376 आई पी सी के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ़्तार कर लिया है।

### नाबालिग से छेड़खानी की निंदा

**गुमला।** पटना से हटिया आ रही ट्रेन के एसी कोच में आठ साल की बच्ची से ऑन ड्यूटी पुलिसकर्मी के द्वारा छेड़खानी की गुमला के कांग्रेसियों ने निंदा की है। कांग्रेस के प्रदेश सचिव रमेश कुमार चीनी ने कहा कि यह समाज को शर्मिंदा करने वाली घटना है। जिस खाकी पर जनता की सुरक्षा का जिम्मा है। वही खुद को दागदार बना रही है। अविलंब दोषी पुलिस पर कड़ी कार्रवाई की जाये। निंदा करने वालों में मुरली मनोहर प्रसाद, रामनिवास प्रसाद, हेमावती लकड़ा, बैजनाथ उरांव, हिमेश कुमार, अमर प्रदीप कुजूर, कलावती देवी है।

### टोटो कर्बला में लगा धार्मिक निशान



**गुमला।** सदर प्रखंड के टोटो में मुहर्रम को लेकर सेंट्रल अंजुमन इस्लामिया टोटो के सदर मो सलीम खान के नेतृत्व में विधि विधान के साथ कर्बला में धार्मिक निशान लगाया गया। मौके पर सीओ केके मुंडू व थाना प्रभारी मनोज कुमार उपस्थित थे। पूरे शांति पूर्ण तरीके से बिना किसी तरह के जुलूस, ढोल बाजे के बगैर करबला में निशान व फतेहा का कार्य को अंजाम दिया गया। कर्बला के भूमि संबंधी नाराजगी के कारण इस वर्ष मुहर्रम में जुलूस का रूप नहीं दिया गया। मौके पर सेंट्रल अंजुमन इस्लामिया टोटो के सदर मो सलीम, सचिव फिरोज खान, बाजार टांड़ के सदर हाजी दाऊद साहब, खान पंचायत के सदर हाजी मकसद खान, कुरैशी पंचायत के सदर मो बबलू, इराकी पंचायत के सदर इजरायल मियां की अगुवाई में पूरे नियम के साथ मुहर्रम का फतेहा का कार्य किया गया।

### गांव मॉडल के रूप में होंगे विकसित : प्रमुख



**डुमरी।** प्रखंड के नवाडीह पंचायत भवन में झारखंड हाई इंपैक्ट मेगा वाटरशेड परियोजना के अंतर्गत विकास भारती बिशुनपुर के द्वारा आयोजित तीन दिवसीय पंचायत स्तरीय नियोजन टीम का प्रशिक्षण शनिवार को संपन्न हो गया। प्रशिक्षण में विकास भारती बिशुनपुर के टीम लीडर राम कुमार चौधरी ने जीवी दाः हासा परियोजना के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह ग्रामीण विकास विभाग झारखंड सरकार एवं भारत ग्रामीण आजीविका फाउंडेशन नई दिल्ली के सहयोग से राज्य के सात आकांक्षी जिलों के 24 प्रखंडों की जा रही है। जिसका मुख्य उद्देश्य जल एवं मिट्टी का संरक्षण करना है। मौके पर प्रखंड प्रमुख जीवंती एक्का, पंचायत सचिव पूरन गोप, रोजगार सेवक हरबंश कुजूर, प्रशिक्षक राम कुमार चौधरी, वाटरशेड एक्सपर्ट आदर्श आजाद एवं क्लस्टर को-ऑर्डिनेटर कौशल किशोर थे।

### या अली या हुसैन से गूंजा जारी प्रखंड



**जारी।** प्रखंड के गोविंदपुर, तिगरा, कमलपुर, जरडा, परसा आदि गांव में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने शहीद इमाम हुसैन की स्मृति में शनिवार को अकीदत के साथ मुहर्रम का पर्व मनाया। वहीं पर्व को लेकर गोबिन्दपुर से जुलूस निकाला गया जो तिगरा पहुंचकर समाप्त हुआ। जुलूस में अल्लाह हू अकबर, या रसुल, या अली या हुसैन के नारे लगाये जा रहे थे। अखाड़ा में युवाओं ने परंपरागत अस्त्र-शस्त्र परिचालन का प्रदर्शन भी किया। शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए बीडीओ सुमन गुप्ता, चैनपुर सर्किल इंस्पेक्टर बैजू उरांव, थानेदार मनीष कुमार दल बल के साथ उपस्थित थे। कार्यक्रम में पहुंचे विधायक भूषण तिर्की का पगड़ीपोशी कर स्वागत किया गया। मौके पर मुखिया रजनी मिंज, ज्यारूल अंसारी, रिजवान अंसारी, जाकिर खान, समसुद्दीन अंसारी, मुर्तजा अंसारी, युनुस खान, कलीम कुरैशी, अरशद अंसारी, अजीज खान, नसीम अली आदि थे।

### बिचड़े को हाथी ने रौंदा, घर क्षतिग्रस्त





**गुमला।** बारिश की कमी से जूझ रहे किसान की खेतों में तैयार बिचड़ों को हाथियों ने रौंद डाला। बेबश किसानों के आशियाने को तहत-नहस कर हाथी उन्हें बेघर भी कर रहे हैं। डुमरी प्रखंड के देवनापाठ निवासी सुदर्शन महतो के पुत्र जितराम महतो के घर को हाथी ने पूरी तरह तहस-नहस करते हुए धनरोपनी के लिए तैयार बिचड़े को रौंद दिया। हाथी ने जितराम समेत कई लोगों को बेघर कर के रख दिया है।

## तीन वर्ष बाद धूमधाम से निकला मुहर्रम का जुलूस

# इमाम ए हुसैन जिंदाबाद के नारे से गूंजा लोहरदगा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** या हुसैन जिंदाबाद के नारों से गूंजा लोहरदगा लगभग 3 वर्षों के बाद लोहरदगा जिला में मुहर्रम का जुलूस हर्षोल्लास के साथ निकाला गया। विभिन्न मुहल्लों का अखाड़ा और जुलूस सर्वप्रथम जामा मस्जिद के समक्ष एकत्रित हुआ। जिसके बाद अंजुमन इस्लामिया के नेतृत्व में विभिन्न मोहल्लों से आये जुलूस शहर में भ्रमण किया। जुलूस थाना टोली होते हुए हनुमान मंदिर उपर बाजार, शास्त्री चौक, एमजी रोड, अलका सिनेमा, न्यू रोड, पवार गंज चौक, बाबा मठ होते हुए साइडिंग पहुंचकर वापस लौटी।



**खास बातें :** इस दौरान शहीदे कर्बला की याद में लोगों ने जमकर नारे लगाए तथा इमामे हुसैन जिंदाबाद, इमामे हसन जिंदाबाद शहीदाने कर्बला जिंदाबाद के नारे लगाये गये तथा शहीदे कर्बला की याद में कलाम गाये गये। साथ ही विभिन्न मोहल्लों के अखाड़ों के द्वारा हैरतअंगेज करतब भी दिखाये गये। वहीं विभिन्न मोहल्लों से निकले जुलूस में मोहर्रम को लेकर झांकी भी बनायी गयी थी तथा अखाड़ों के द्वारा जगह-जगह रुककर करतब भी दिखाये जा रहे थे। जुलूस में मुख्य रूप से कुरैशी मोहल्ला, थाना टोली, बूचन गली, न्यू रोड, अमला टोली, मिल्लत कॉलोनी, इस्लामनगर, राहत नगर तैगी नगर बांग्ला आजाद बस्ती पावर गंज अंजुमन मोहल्ला करचा टोली जुरिया निगनी गंगू पारा सहित विभिन्न मोहल्लों के जुलूस शामिल थे।

# रायडीह का मुहर्रम मेला ऐतिहासिक और क्षेत्र के लिए मिशाल: रश्मि मिंज

- मुहर्रम पर्व पर रायडीह प्रखंड के पुराना रायडीह में तजिया मिलान सह मेला का आयोजन, निकाला गया जुलूस

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रायडीह।** मुहर्रम पर्व पर रायडीह प्रखण्ड के पुरानी रायडीह में ताजिया मिलान सह मेला का आयोजन किया गया। इस पारम्परिक मेला में नवागढ़ पतराटोली, महुआटोली, बरगीडांड व मेजबान पुरानी रायडीह का ताजिया मिलान किया गया। फातिया खावनी के पश्चात इस्लाम अखाड़ा में अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगीता का प्रदर्शन किया गया। बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियो को अतिथियों ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। वहीं मुहर्रम की नवंमी तारिख पर नवागढ़ पतराटोली में ईमाम बाड़ा से जुलूस निकाली गई जो नेशनल हाईवे 43, प्रखण्ड मुख्यालय, शहीद बख्तर साय मुण्डल सिंह चौक होते हुए कर्बला मुहल्ला पहुंचा। जहां पर सिपड़ व ताजिया मिलान किया गया। तत्पश्चात फातिया खानी कर अमन चैन खुशी की दुआएं मांगी गयी। मौके पर बीडीओ अमित कुमार मिश्रा ने कहा मुहर्रम पर्व हमे भाईचारगी का संदेश देता है। सौहार्दपूर्ण वातावरण में आपस सभी लोग मिल जुलक त्योहार बनायें। जिला परिषद सदस्य रश्मि मिंज ने कहा पुरानी रायडीह का मुहर्रम मेला ऐतिहासिक मेला है। इस मेला मे सभी रायडीह प्रखण्ड के लोग मिलजुलकर त्योहार मनाते है वह एक मिशाल है। मिशिर कुजूर ने कहा इमाम हुसैन ने सच्चाई के लिए कर्बला में शहीद होकर इस्लाम को सच्चाई का रास्ता दिखाया। उन्होंन कहा मुहर्रम हमे आपसी भाईचारा का संदेश देता है।



रायडीह में आयोजित मेला के दौरान जुलूस में शामिल लोग।

## बगडू थाना क्षेत्र के अरेया गांव में घटी दिल दहलाने वाली घटना

# ट्रैक्टर से दबकर मासूम की मौत लोगों ने चालक को भी मार डाला

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिले के बगडू थाना क्षेत्र के अरेया गांव में शनिवार को दिल दहलाने वाली घटना हुई है। इस घटना ने लोगों को झकझोर के रख दिया। एक ही गांव से दो शव को देख पूरे गांव में मातम छा गया। मामला शनिवार सुबह का है जब विशाल कुमार (15) पिता संजय कुमार अरेया के सिद्दीकी अंसारी की ट्रैक्टर से नंदा उरांव की जमीन जोत रहा था। इसी बीच वहीं खेल रहा श्रीयांश (3) पिता नीरज साहू की रोटावेटर (हल) में फंसकर दर्दनाक मौत हो गयी। कुछ लोगों का कहना है कि बच्चा ट्रैक्टर पर ही बैठा था। शव की स्थिति देख लोगों का कलेजा कांप उठा। घटना की जानकारी बच्चे के परिजन और ग्रामीणों को हुई तो घटनास्थल पहुंच ट्रैक्टर ड्राइवर विशाल को भी पीट-पीटकर मार डाला।



अस्पताल में पड़ा मासूम और ट्रैक्टर चालक का शव।

**क्या बोले थाना प्रभारी**

घटना की सूचना मिलने पर बगडू थाना प्रभारी पंकज कुमार घटनास्थल पहुंच दोनों शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लाया। कहा कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार बच्चे की मौत दुर्घटना प्रतीत होती है। वहीं ड्राइवर का शव हल के नीचे दबा मिला है। आगे जांच के बाद ही मामला का खुलासा हो सकता है। हालांकि उन्होंने किसी भी प्रकार की मॉब लिंचिंग से इंकार किया है।

# बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद को पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति के प्रतिनिधिमंडल ने सौंपा ज्ञापन

सात जिलों की पिछड़ी जाति को आरक्षण देने के लिए विधानसभा में आवाज उठाने की मांग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति झारखंड के निर्णय के अनुसार सात जिलों में पिछड़ों को आरक्षण देने की मांग को लेकर पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति का प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल, मुख्यमंत्री के साथ झारखंड के सभी पिछड़ा वर्ग के विधायक को ज्ञापन सौंपा। झारखंड के सात जिलों गुमला, सिमडेगा, लोहरदगा, खुंटी, लातेहार, दुमका के साथ सिंहभूम को रोस्टर प्रणाली के आधार पर पिछड़ों का आरक्षण शून्य कर दिया गया है। प्रतिनिधि मंडल ने यथाशीघ्र सातों जिलों में ओबीसी को जाति जनगणना करते हुए उन्हें अधिकार देने की मांग की है। उन्होंने विधायक अंबा प्रसाद को ज्ञापन सौंपा पिछड़ी जाति को न्याय दिलाने की मांग की है।



विधायक अंबा प्रसाद को ज्ञापन सौंपते समिति के प्रतिनिधि।

**कार्यक्रम की खास बातें :** साथ ही विधायक से विधान के पटल पर जोरदार रूप से पिछड़ों की मांग रखने और बिहार सरकार के तर्ज पर झारखंड के पिछड़ी जाति को 27 प्रतिशत आरक्षण दिलाने की मांग सदस्यों ने की। विधायक अंबा प्रसाद ने प्रतिनिधि मंडल का आश्वस्त किया कि वे प्राथमिकता के साथ सदन में बात को रखेंगी ताकि जो भी अभी सरकारी नौकरी बहाल हो रहा है उसका लाभ पिछड़ी जाति को भी मिले। साथ ही उन्होंने कहा कि वे मुख्यमंत्री से मिला कर भी बात को रखने का प्रयास करेंगी। इस अवसर पर पिछड़ी वर्ग संघर्ष समिति के केंद्रीय अध्यक्ष उदासन नाग, केंद्रीय महासचिव दिलीप नाथ साहू, केंद्रीय कोषाध्यक्ष शिवदयाल गोप, आनंद गुप्ता, मारवाड़ी साहू उपस्थित थे।

### मुहर्रम : घाघरा मुख्यालय में निकला जुलूस



**घाघरा।** प्रखंड मुख्यालय में शनिवार को मुहर्रम पर मुस्लिम धर्मावलंबियों ने जुलूस निकाला। इस क्रम में महदनिया टोला घाघरा से जुलूस ताजिया के साथ ब्लॉक चौक स्थित इमामबाड़ा तक पहुंचा। जिसके बाद जुलूस बैंक ऑफ इंडिया घाघरा के समीप पहुंच कर समाप्त हुआ। मुस्लिमों ने हजरत इमाम हुसैन पैगंबर की शहादत को याद किया। वही पुलिस सुरक्षा के मद्देनजर मुस्तैद दिखी।

### बीडीओ ने सभी घायलों को पहुंचाया अस्पताल



**चैनपुर।** थाना क्षेत्र के डहुडड़गांव के समीप एक कार (जेएच 01 बीआर 1623) अनियंत्रित होकर पलट गयी। जिससे उसमें सवार रांची की डॉ नेहा केशरी व आभा केशरी गंभीर रूप से घायल हो गयी। घटना शनिवार दोपहर की है। गाड़ी से चार लोग रांची से बाबा टांगीनाथ धाम दर्शन के लिए जा रहे थे। तभी डहुडड़गांव नहर के पास गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गयी। जानकारी मिलते ही चैनपुर एसडीओ रवि जैन, बीडीओ डॉ शिशिर कुमार सिंह और सीओ गौतम कुमार सहित चैनपुर पुलिस मौके पर पंहुच दोनों महिलाओं को चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पंहुचाया। जहां उनका इलाज जारी है।

### कॉलेज के प्रधान लिपिक पर मनमानी का आरोप

**हुसैनाबाद पलामू।** अनुमण्डल क्षेत्र के एक मात्र शहीद भगत सिंह इंटर कॉलेज के प्राचार्य सचिता नंद तिवारी ने हुसैनाबाद थान में अपने ही कॉलेज के प्रभारी प्रधान सेवक अरुण कुमार सिंह के विरुद्ध थाना में मामला दर्ज कराया हैं। आवेदन में कहा गया हैं अरुण कुमार सिंह,मेरे कॉलेज के रोकड़पाल ,लेखापाल एवं सहायक प्रधान सेवक के अतिरिक्त प्रभार पद पर कार्यरत है ,जो कॉलेज के जरूरी कागजात अपने पास रखें हुए है एवं विभागीय व आवश्यक जरूरी पड़ने पर भी वे मेरे द्वारा दिए गए आदेश का उल्लंघन करते है। आवश्यक कार्य हेतु जब दस्तावेजों का मांग किया जाता हैं तो वे गाली गलौज तथा मार पीट एवं जान मारने की धमकी देते हैं। पत्र में उन्होंने लिखा है कि उनके व्यवहार और कार्यशैली मेरे साथ अपराधी के तरह हैं जिसके कारण महाविद्यालय का कार्य लगातार प्रभावित हो रहा हैं वे हमेशा अपने मनमाने ढंग से गलत करने का दबाव भी हम बनाते है। पूर्व के प्रबंधन कमिटी द्वारा कॉलेज ने भवन नवनिर्माण कराया गया था जिसमे पूर्व के प्राचार्य के द्वारा कुल 45 लाख रुपये का निकासी किया गया हैं शेष लगभग 7 लाख रुपए संवेदक का भुगतान का मामला हैं जो न्यायालय में विचाराधीन हैं। वही निमार्णाधीन भवन के मापी हेतु अनुमण्डल पदाधिकारी हुसैनाबाद के द्वारा भवन निर्माण अभियंता पलामू को पत्र भी लिखा है जिसमें अभी रिपोर्ट अप्राप्त हैं। उन्होंने थाना प्रभारी से मामला दर्ज करते हुए अरुण सिंह के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाया हैं। इधर थाना प्रभारी जगन्नाथ धान ने बताया कि प्राचार्य के द्वारा आवेदन मिला है जिसके आलोक में जांच चल रही हैं। पुष्टि होने पर कार्रवाई होगी।

## भाजपा नेता सह कोल इंडिया के स्वतंत्र प्रबंध निदेशक डॉ अरुण उरांव का स्वागत



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** भाजपा नेता सह कोल इंडिया के स्वतंत्र प्रबंधक निदेशक डॉ अरुण उरांव शनिवार को परिसदन गुमला पहुंचे। जहां भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। उन्होंने जिले में संगठन के क्रियाकलापों की जानकारी ली तथा वरिष्ठ नेता भूपन साहू के आवास पर जाकर शोकाकुल परिवार से मुलाकात की। मौके पर जिलाध्यक्ष अनूप चंद्र अधिकारी, मंगल सिंह भोक्ता, अरविंद मिश्रा, संतोष सिंह, बालकेश्वर सिंह, श्याम गुप्ता, राजीव कुमार व अन्य थे।

## जहर खाकर आत्हत्या का प्रयास

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बालूमाथ।** एकीकृत बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के बारियातु ग्राम में शुक्रवार की देर रात पारिवारिक विवाद में एक महिला ने जहर खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मालती देवी 50 वर्ष पति रमेश यादव ग्राम बारियातू निवासी का अपनी बहू के साथ खाना बनाने को लेकर कहा सुनी हुई थी। जिसके बाद गुस्से में आकर महिला ने जहर खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। घटना के बाद परिजनों के सहयोग से महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद वहां से बेहतर ईलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया।

### नाबालिग ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**चैनपुर।** थाना क्षेत्र के किरतो टोली गांव निवासी 17 वर्षीय गौतम बाड़ा पिता स्वर्गीय बाबुलाल बाड़ा ने अपने घर में दुप्पटे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना शनिवार की है। इधर घटना के संबंध में मृतक के भाई अमोद बाड़ा ने बताया कि उसके एक बड़ा भाई डिप्रेशन में चला गया था और मानसिक रूप से बीमार रहने लगा था। वहीं मृतक की मां ने बताया वह सुबह अपने कमरे में आराम कर रहा था और मैं घर के पीछे कपड़ा धो रही थी। जब मैं वापस लौटी तो देखा कि घर में उसने दुपट्टा के सहारे फांसी लगा ली है।

## हर्षोल्लास के साथ मना मुहर्रम, हुए कई कार्यक्रम

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कैरो।** दसवीं मुहर्रम को लगने वाला मुहर्रम मेला प्रखंड क्षेत्र चरीमा और कैरो में हर्षोल्लास में मनाया गया। इससे पूर्व सातवीं मुहर्रम से ही कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किये गये। कैरो उतका नवाटोली का जुलूस लगातार तीन दिनों तक निकला। नवीं मुहर्रम को मुहर्रम कमेटी उतका ने पगड़ी पोशी की, जिसमें क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व गणमान्य शामिल हुए। जिन्हें मुहर्रम कमेटी ने पगड़ीपोशी कर सम्मानित किया तथा बड़की चौकी कार्यक्रम की शुरुआत की। दसमी के दिन कैरो, नवाटोली, उतका, नरौली, गजनी, गराड़ीह, चाल्हो, सढ़ाबे, गितिलगढ़ आदि गांव के जुलूस कैरो मेला टांड़ पहुंचकर लाठी डंडा खेल का प्रदर्शन किया।

## विश्व बाघ दिवस पर कई कार्यक्रम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गारू।** पलामू व्याघ्र आरक्ष के दक्षिणी प्रमंडल अंतर्गत शुक्रवार को विश्व बाघ दिवस पर गारू पूर्वी वन प्रक्षेत्र में उपनिदेशक कुमार आशीष के निर्देशानुसार वन क्षेत्र पदाधिकारी उमेश कुमार दुबे के नेतृत्व में वन कर्मियों के द्वारा कई तरह के कार्यक्रम आयोजन की गई। वन कर्मियों के द्वारा प्रातःकाल गारू में प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी गारू बाजार होते हुए अरमु मोड़ तक गई। फिर पुनः वापस वन कार्यालय परिसर में लौटा। प्रभात फेरी में कर्मियों के द्वारा बाघ जंगल का राजा, इसे ना बनाओ इतिहास का पन्ना, सुनो गौर से भारतवासियों, जंगल बचाओ, बाघ बचाओ, बाघ जंगल की जान है, और भारत की शान है जैसे नारे लगाये गये। वहीं उपनिदेशक कुमार आशीष ने संबोधित करते हुए कहा कि अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस दुनिया भर में मनाया जाता है ताकि हम सभी बाघ संरक्षण के लिए जागरूकता बढ़ा सके। इस दिन का उद्देश्य एक विश्वव्यापी प्रणाली का निर्माण करना है जो बाघों और उनके प्राकृतिक आवासों की रक्षा के लिए समर्पित होगी। अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस के माध्यम से हम एक ऐसे भविष्य के लिए काम कर सकते हैं जहां इंसान और बाघ शांति से रह सकें। वहीं सत्य ज्योति निकेतन आवासीय विद्यालय अरमु में स्कूली बच्चों के बीच निबंध, भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया व बच्चों को पुरस्कार भी प्रदान किया गया। मौके पर प्रधानाचार्य प्रभारी वनपाल रंजय कुमार, ओमप्रकाश पाल, वनरक्षी रुपेश कुमार, साकेत पाण्डेय, तारा कुमारी समेत काफी संख्या स्कूली बच्चे, शिक्षक व वन कर्मी उपस्थित थे।

## बारिश नहीं होने से सूखे धान के बिचड़े, किसान परेशान

### बारिश नही होने से गहराया जल संकट, सरकार से राहत कार्य चलाने की मांग

**अमित चौधरी**

**उंटारी रोड।** पलामू सहित प्रखंड क्षेत्र में पिछले बीस दिनों से बारिश नहीं होने से किसान चिंतित हैं वहीं कई जगहों पर जल संकट गहराया है। सावन माह लगभग सताईस दिन बीत चुके लेकिन बारिश नहीं के बराबर हुई है जिससे उंटारी रोड प्रखंड सहित पूरे जिले के किसान खेती को लेकर चिंतित हैं। सावन माह में पड़ रही प्रचंड गर्मी से लोग परेशान है वही बारिश नहीं से धान के बिचडे उसी खेत में ही सुखने लगे हैं। हालांकि कई किसान अपने सिंचाई कूप की सुविधा से धान के बिचड़े को पटवन करने में जुटे है हालांकि पटवन करने से धान के बिचड़े बच भी जाते है और यदि बारिश नही हुई तो इससे किसानों को भरी क्षति होगी वही भुखमरी की स्तिथि उत्पन्न हो जाएगी। उंटारी रोड प्रखंड से होकर गुजरने वाली सबसे बड़ी नदी कोयल में सावन माह में ही पानी सूखने के कगार पर हो गई है वही नदी में पानी नहीं के बराबर जमा है। उंटारी रोड मुखिया संघ अध्यक्ष सह लहर बंजारी के मुखिया अशोक कुमार सिंह ने बताया कि इस वर्ष बारिश नही के बराबर होने से अकाल की स्तिथि उत्पन्न हो गई है। सुखाड़ को अकाल की भयावह को देखते हुए राहत कार्य चलाने की जरूरत है। उन्होंने जल्द राहत कार्य चलाने की मांग सरकार से की है।

### सूखा की आशंका, टांड़ खेती भी हुई बर्बाद



भंडरा। मॉनसून की बेरुखी का असर क्षेत्र में पड़ने लगा है। किसान फसल की उपज की तरफ से उदास हो गये हैं। उन्हें अब ऐसा लग रहा है कि इस बार खेती से आमदनी होना नहीं है। सूखे की मार से टाड खेती भी बर्बाद हो रहा है। टाड खेतों में लगा मकई, मूंगफली, मडवा सहित अन्य फसल भी खराब होने लगा है। किसानों के अनुसार अभी तक धान रोपनी पूरा हो जाना चाहिए था। परंतु धान रोपनी के काम क्षेत्र में अभी 5 फीसदी भी नहीं हुआ है। जबकि बोये गये बीड़ा के अनुसार धान रोपने के समय समाप्त हो रहा है। किसान खेतों में बीड़ा डाल चुके थे। परंतु डाले गए बीड़ा के समय के अनुसार बारिश नहीं होने के कारण धान की रोपनी नहीं हो सकी। अब बीड़ा खराब होने लगा है। हाल के दिनों तक किसान धान की खेती से उपज होने की आशा रख रहे थे परंतु अब बारिश नहीं होने से टाड की खेती से भी किसानों को फसल मिलने की उम्मीद नहीं है। ऐसी परिस्थिति में किसानों की चिंता बढ़ना स्वाभाविक है। किसान अपना घर का पूंजी एवं बैंक ऋण की पूंजी खेती में डाल चुके हैं।

# बिमरला बॉक्साइड माइंस में नाशपाती बागवानी को बढ़ावा दे रही है हिंडाल्को

- बिमरला में सीएसआर के नेतृत्व में वन महोत्सव कार्यक्रम
- इस वर्ष खनन क्षेत्र में 4000 पौधे लगाये जा रहे हैं

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** मिनरल्स एंड मिनरल्स लिमिटेड द्वारा संचालित बिमरला बॉक्साइट माइंस में शनिवार को विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस के अवसर पर वन महोत्सव कार्यक्रम किया गया। जिसमें ग्रामीणों के बीच नाशपाती के पौधे लगाने के लिए ग्रामीणों को प्रेरित किया गया। इससे पूर्व सामूहिक रूप से वरीय खान प्रबंधक जितेंद्र कुमार की अगुवाई में संकल्प लिया गया कि प्रकृति के संरक्षण के लिए बढ़-चढ़कर पौधे लगाने हैं। अपने कार्य क्षेत्र एवं निवास स्थल के आसपास बाग बगीचे में पौधरोपण करेंगे।



ग्रामीणों को पौधा देते अधिकारी।

**खास बातें :** खान प्रबंधक जितेंद्र कुमार ने कहा कि पौधा लगाना ही नहीं पौधे का पालन पोषण बच्चे की तरह करना भी है। आने वाले समय में ये पौधे आपके भविष्य के साथी बनेंगे। खनन अंतर्गत अबतक 4000 पौधे लगाये जा चुके हैं। इसके अलावा आसपास के सभी ग्रामीणों को पौधरोपण के प्रति जागरूक कर प्रेरित किया जा रहा है। नाशपाती बागवानी के प्रोत्साहन के लिए इस वर्ष भी करीब 1500 पौधे लगाये जा चुके हैं। हिंडालको के महाप्रबंधक राजेश अंबस्ट के मार्गदर्शन में पर्यावरण अधिकारी अभिलाषा सिंह, सीएसआर प्रमुख नीरज कुमार के सहयोग से बिमरला माइंस में पौधरोपण तीव्र गति से करवा रहे हैं। जिसमें खान प्रबंधक जितेंद्र कुमार, भूगर्भशास्त्री मिहिर बरई, सीएसआर अधिकारी अभय भारती एवं माइंस के सभी अधिकारी वृक्षारोपण के प्रति सकारात्मक जिम्मेवारी निभाते हुए पौधरोपण के विस्तारीकरण को तेजी से क्रियान्वित करने में अपनी सहभागिता ग्रामीणों के सहयोग से दे रहे हैं।

